बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए

आवश्यक सूचना

उपर्युक्त परीक्षा मंगलवार, दिनांक 15.10.2019 को एकल बैठक (12.00 बजे मध्याह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक) में बिहार राज्य के 35 जिलों के कुल 718 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी।

उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को सचेत किया जाता है कि: (1) **वे निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व पहुँच जायें।** परीक्षा प्रारंभ होने के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी तथा परीक्षा अवधि की समाप्ति के पूर्व किसी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (OMR Sheet) में किसी प्रकार का चिन्ह/पहचान अंकित न करें। उत्तर पत्रक में Whitener/Blade/Eraser आदि का प्रयोग वर्जित है।

(3) परीक्षा भवन में अपने साथ ब्लू/ब्लैक बॉल प्वाईट पेन, के अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री न लायें।

(4) उत्तर के विरूद्ध अंकित उत्तर पत्रक में काट–कूट/परिवर्तन या पेंसिल द्वारा अंकित उत्तर को अमान्य कर दिया जायेगा।

(5) **मोबाईल, ब्लुटुथ, वाई–फाई, इलेक्ट्रोनिक गैजेट/पेन, पेजर, स्मॉट वॉच आदि जैसी इलेक्ट्रोनिक सामग्री तथा Whitener/Blade/Eraser आदि आपके पास पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।**

(6) अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार के Calculator परीक्षा हॉल में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

(7) अभ्यर्थी अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा आधार कार्ड, EPIC, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट इत्यादि साथ रखेंगे जिसे परीक्षा केन्द्र पर पहचान के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

13/10/19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना